# SSC STENO 2026

# Complete English e-Book

## With Detailed Explanations

**IMPORTANT FOR :-** SSC CGL, CPO, CHSL, MTS, STENO, DEFENCE & Other Govt.Exams.

**1100+** Steno-26 में पूछे गए QUESTIONS

- Chapter-Wise
- Easy Explanations
- Exam Oriented Practice



Free Test और Study Material के लिए अभी डाउनलोड करें Toppers' Wisdom App!

Download Toppers' Wisdom App


**PRASHANT SOLANKI SIR**

*Sub-Inspector Delhi Police*

*(SSC CPO AIR-29)*

# SSC Stenographer 2026

English Language & Comprehension · All 11 shifts (9–15 September 2026) · 1100 questions, chapter-wise

*with detailed explanations — Prashant Solanki English • Toppers' Wisdom*

## Contents


| Ch. | Chapter | Questions | Page |
|---|---|---|---|
| 01 | Error Detection | 57 | 2 |
| 02 | Sentence Improvement | 62 | 16 |
| 03 | Voice | 104 | 28 |
| 04 | Narration | 102 | 50 |
| 05 | Fill in the Blanks & Prepositions | 60 | 73 |
| 06 | Homonyms & Homophones | 26 | 83 |
| 07 | Synonyms | 70 | 88 |
| 08 | Antonyms | 60 | 99 |
| 09 | One-Word Substitution | 60 | 108 |
| 10 | Idioms & Phrases | 71 | 118 |
| 11 | Spelling | 112 | 129 |
| 12 | Para Jumbles & Sentence Rearrangement | 106 | 143 |
| 13 | Cloze Test | 96 | 168 |
| 14 | Reading Comprehension | 114 | 189 |

TOPPERS' WISDOM

# SSC CGL 2026

# Paper Hack

## एक Video से 40 नम्बर पक्के 100



**Prashant Solanki Sir**
**SSC CPO AIR-29**

GO TO INDEX

# 01 CHAPTER

# Error Detection

## Questions *57 questions · 11 shifts*

### PART A Spot the Error

**Directions (Q. 01–50):** *Identify the part of the sentence that contains a grammatical error. Where a 'No error' option is given, select it if the sentence has no error.*

**01** "She can sings very well".

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

(a) can (b) She
(c) sings (d) very well

**02** "I wish I am taller than my brother".

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

(a) wish (b) I am
(c) taller (d) than my brother

**03** "The police has arrested the suspect in the case".

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

(a) police (b) suspect
(c) arrested (d) has

**04** "The government have decided to increase taxes".

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

(a) government (b) have
(c) decided (d) to increase

**05** She is senior than me by five years.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

(a) She is (b) senior than
(c) me by five years (d) No error

**06** He told to me about the incident.

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

(a) He told (b) to me
(c) about the incident (d) No error

**07** Ten miles are a long distance to walk.

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

(a) Ten miles
(b) are a long distance
(c) to walk
(d) No error

**08** Can you borrow your book to me just for one day?

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

(a) borrow your (b) to me
(c) can you (d) just for

**09** Britains towns were given a new and an elegant appearance between 1700 and 1830.

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

(a) Britains (b) elegant
(c) towns (d) appearance

**10** The palace is heavily guarded, because inside it's walls sit the European leaders.

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

(a) palace is (b) inside it's walls
(c) European leaders (d) heavily guarded

**11** The village is very isolated, their being no bus service.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

(a) their being (b) is very isolated
(c) village is (d) no bus service

**12** It is a fact that there are most cars in Los Angeles than people.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

(a) a fact that
(b) most cars
(c) than people
(d) It is a fact

**13** We don't have to go to the party, don't we? We can stay at home.

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

(a) don't we
(b) have to go
(c) can stay
(d) to the party

**14** The person with who Maya shared the flat had not paid his rent.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

(a) person with
(b) who Maya shared the flat
(c) his rent
(d) had not paid

**15** There isn't much time to spare. You'd better buy your ticket with the train.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

(a) isn't much
(b) time to spare
(c) buy your ticket
(d) with the train

**16** He was imprisoned for many years, without many occasions, in both South Africa and India.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

(a) without many occasions
(b) imprisoned for
(c) in both
(d) many years

**17** The bank will be continued to transfer the interest to your account unless instructed otherwise.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

(a) interest to
(b) will be continued
(c) unless instructed
(d) to your account

**18** The news that the plane had crashed will be coming as a terrible shock.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

(a) news that
(b) had crashed
(c) will be coming
(d) a terrible shock

**19** Qatar has extended strict quarantine rules having required travellers to isolate for up to 14 days upon their arrival in the country.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

(a) to isolate for up to
(b) has extended strict quarantine rules
(c) having required travellers
(d) upon their arrival

**20** The people here have nothing. Their poverty's extreme.

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

(a) poverty's
(b) extreme
(c) people
(d) nothing

**21** The child requested his mother to gave him a big chocolate because he had been very good all day long and deserved a treat.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

(a) The child requested his mother to
(b) gave him a big chocolate because he
(c) had been very good all day
(d) long and deserved a treat.

**22** The antique grandfather clock in the hallway have not worked properly for over a decade now, which is a real shame for the family.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

(a) The antique grandfather clock in
(b) the hallway have not worked
(c) properly for over a decade now,
(d) which is a real shame for the family.

**23** Remember to brush your teeth thorough before you go to bed every single night without fail as instructed by the dentist.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

(a) Remember to brush your teeth
(b) thorough before you go to bed
(c) every single night without fail
(d) as instructed by the dentist.

**24** Please provide a detailing explanation of the research methodology used in your recent scientific paper for clarification purposes requested by the board.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

(a) Please provide a detailing explanation
(b) of the research methodology used in
(c) your recent scientific paper for

(d) clarification purposes requested by the board.

**25** The ancient ruins attract thousands of tourists every year who are fascinating by the rich history and culture of the place.

[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]

(a) The ancient ruins attract thousands
(b) of tourists every year who are
(c) fascinating by the rich history
(d) and culture of the place.

**26** The insightful documentary explored the profound impact of social media on mental health between young adults globally today.

[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]

(a) The insightful documentary explored the
(b) profound impact of social media
(c) on mental health between young
(d) adults globally today.

**27** (A) The strategy adopted by the administration (B) is far superior than (C) the one implemented by the previous committee. (D) No Error

[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]

(a) The strategy adopted by the administration
(b) is far superior than
(c) the one implemented by the previous committee
(d) No error

**28** (A) The investigation revealed that the culprit, (B) rather than being remorseful, was insolent enough (C) to have been taunted the victims during the trial. (D) No Error

[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]

(a) The investigation revealed that the culprit
(b) rather than being remorseful, was insolent enough
(c) to have been taunted the victims during the trial
(d) No error

**29** (A) Little did the CEO realise that the proposed restructuring (B) would be met with such vehemence by the labour unions (C) as to force a complete abandonment of the project. (D) No Error

[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]

(a) Little did the CEO realise that the proposed restructuring
(b) would be met with such vehemence by the labour unions
(c) as to force a complete abandonment of the project
(d) No error

**30** You must to ensure that (1) all parameters are recorded (2) before the simulation (3) can be rerun. (4)

[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**31** Only in the final manuscript (1) did the theorist (2) acknowledges the limitations (3) of his earlier hypothesis. (4)

[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**32** Scholars in postcolonial studies (1) often disputes the neutrality (2) of archival records (3) and the politics of naming. (4)

[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**33** While the algorithm claims objectivity (1), it inadvertently reify bias (2) embedded in its training data, (3) perpetuating systemic inequities across demographics. (4)

[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**34** Language, in its performative function, (1) shape the very ontology (2) of social relations and categories (3) that structure human perception. (4)

[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**35** The paradigm of rational choice theory (1) postulate that agents act consistently (2) to maximize utility, often ignoring (3) the constraints imposed by affective reasoning. (4)

[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**36** The philosopher's reluctance to endorse a universal ethic (1) stem from his conviction (2) that moral principles are always mediated (3) by cultural and historical particularities. (4)

[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**37** The narrator's resistance to patriarchal hermeneutics (1) are not simply polemical (2) but deeply embedded in the rhythm (3) and counterpoint of her syntax. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**38** Within postcolonial discourse (1), hybridity operate not as a passive amalgamation (2) but as a site of contestation (3) and negotiated subjectivity. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**39** Despite its ostensible neutrality (1), the bureaucratic apparatus (2) enact normative controls (3) that homogenize diverse expressions of identity. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**40** In Woolf's imaginary legacy (1), the room functions not just as sanctuary (2) but also as a discursive axis (3) where womanhood collapse into multiplicity. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**41** The psychological bareness (1) of her narrative (2) precludes any embellishment, yet render (3) the structure more profoundly intimate. (4)

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**42** Fewer of the experimental designs (1) was compatible with the theoretical model (2) proposed by the research team (3) in their meta-analysis. (4)

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**43** Much of the guidelines (1) pertaining to AI governance (2) were based on speculative models (3) and industry projections. (4)

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**44** The novelist who her editor had praised (1) for stylistic ingenuity and metaphorical clarity (2) was yet to submit (3) the final chapters of the manuscript. (4)

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**45** The researcher who the panel had nominated (1) for the ethics award (2) were present at the plenary session (3) but declined to speak. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**46** None except the top-ranked researchers (1) has received invitations (2) for the closed-door summit (3) scheduled next quarter. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**47** The philosopher's idea (1) that reality is constructed through language, (2) was refuted not by logic (3) but emotion and intuition. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**48** What troubled the evaluators most (1) was not the complexity of the argument (2) but that its logic (3) and conclusions were fundamentally flawed. (4)

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**49** The researchers insisted (1) on replacing the control group (2) by another cohort (3) with matched characteristics. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**50** Not only each participant's response (1) but also their metadata (2) was collected (3) and cross-validated. (4)

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

(a) (1) (b) (2) (c) (3) (d) (4)

**Directions (Q. 51):** *The sentence below has errors in two parts which are highlighted in bold. Identify the same.*

**51** The reef is on risk of (A) losing its coveted World Heritage Status on occasion of (B) ocean warming, fuelled by (C) climate change, which is damaging its health (D).

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

(a) BA (b) CD (c) AC (d) CB

## PART B Choose the Correct / Incorrect Sentence

**Directions (Q. 52):** *Choose the correct sentence.*

**52** *[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

(a) She will bury the letter in the sand.
(b) Please berry the box near the tree.
(c) He wants to eat bury.
(d) They berry the treasure every year.

**Directions (Q. 53–57):** *Identify the incorrect sentence.*

**53** *[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

(a) She has got cold and cough.
(b) Only a few people came to the party.
(c) Could you lend me some of your books today?
(d) He has more sense than you have.

**54** *[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

(a) Did they sent me any books for preparation of examination.
(b) Reactions to the annual play have been favorable.
(c) The author of the stories in these books is Mary Gomes.
(d) Many lines in the poem are especially good.

**55** *[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

(a) All of the cities in California can to be affected by the rain yesterday.
(b) Seven people were rescued from the fire yesterday.
(c) Half of the boxes are empty as the children have eaten the chocolates.
(d) Each packet can have a variable number of chocolates.

**56** *[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

(a) Beautiful furniture make the house elegant and looks sophisticated at the same time.
(b) Traditional Chinese medicine (TCM) is thousands of years old and has changed little over the centuries.
(c) Folktales can be used to help children develop strong reading skills, study other cultures, and discover a love of stories.
(d) Clothing is expensive because of the financial shakeup it received during the COVID-19 pandemic.

**57** *[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

(a) Mitali's hair is long and black.
(b) Either of the alternatives seems to present major difficulties.
(c) One of the cars in the garage is fifty years old.
(d) Sharon has shared her devastating grief after the sudden death of her 57-year-old brother.

## Answer Key *SSC official key*

**Part A · Spot the Error (Q. 01–51)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | (c) | 02 | (b) | 03 | (d) | 04 | (b) | 05 | (b) | 06 | (b) | 07 | (b) | 08 | (a) | 09 | (a) | 10 | (b) |
| 11 | (a) | 12 | (b) | 13 | (a) | 14 | (b) | 15 | (d) | 16 | (a) | 17 | (b) | 18 | (c) | 19 | (c) | 20 | **(a)** |
| 21 | (b) | 22 | (b) | 23 | (b) | 24 | (a) | 25 | (c) | 26 | (c) | 27 | (b) | 28 | (c) | 29 | (d) | 30 | (a) |
| 31 | (c) | 32 | (b) | 33 | (b) | 34 | (b) | 35 | (b) | 36 | (b) | 37 | (b) | 38 | (b) | 39 | (c) | 40 | (d) |
| 41 | (c) | 42 | (b) | 43 | (a) | 44 | (a) | 45 | **(c)** | 46 | **(b)** | 47 | (d) | 48 | (c) | 49 | (c) | 50 | **(c)** |
| 51 | (a) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

**Part B · Choose the Correct / Incorrect Sentence (Q. 52–57)**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | (a) | 53 | (a) | 54 | (a) | 55 | (a) | 56 | (a) | 57 | **(b)** |

यह key SSC की official answer key के अनुसार है। लाल रंग वाले उत्तरों के explanation में विशेष note दिया गया है (SSC key पर आपत्ति, एक से अधिक सही options, या SSC का रुख)।

# Detailed Explanations रटना बंद, समझना शुरू

## PART A Spot the Error

**01** **ANSWER (c)** sings

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

**Rule** Modal verbs (can, could, may, might, shall, should, will, would, must) के बाद verb की **first form (V1)** आती है, और उसमें s/es नहीं लगता। इसलिए 'can sings' गलत है और सही रूप 'can sing' है।

✓ सही sentence She can **sing** very well.

**Examiner का trap** Third person singular subject 'She' देखकर verb में 's' लगाने की आदत होती है, पर modal आते ही यह नियम लागू नहीं होता।

**02** **ANSWER (b)** I am

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** 'wish' से वर्तमान की कोई **अवास्तविक इच्छा** (unreal present wish) व्यक्त करते समय उसके बाद **past subjunctive** आता है। Verb 'be' के लिए सभी subjects के साथ 'were' प्रयोग होता है। इसलिए 'I am' की जगह 'I were' आना चाहिए।

✓ सही sentence I wish **I were** taller than my brother.

ध्यान दें Informal English में 'I wish I was...' भी सुनाई देता है, पर 'I wish I am...' किसी भी रूप में सही नहीं है। Exam में 'were' ही सबसे सुरक्षित उत्तर है। (If I were you, as if he were... में भी यही नियम है।)

**03** **ANSWER (d)** has

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** 'Police' एक ऐसा noun है जो हमेशा **plural** की तरह प्रयोग होता है (cattle, people, clergy और gentry भी ऐसे ही हैं)। इसलिए इसके साथ plural verb 'have' आएगा, 'has' नहीं।

✓ सही sentence The police **have** arrested the suspect in the case.

**Examiner का trap** 'Police' के अंत में 's' नहीं है, इसलिए यह singular जैसा दिखता है। अगले question में 'government' से इसकी तुलना ज़रूर करें।

**04** **ANSWER (b)** have

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Government, committee, jury और team जैसे **collective nouns** जब एक इकाई के रूप में एक ही निर्णय लेते हैं, तब उनके साथ **singular verb** आता है। यहाँ सरकार ने एक इकाई के रूप में निर्णय लिया है, इसलिए 'have' की जगह 'has' आना चाहिए।

✓ सही sentence The government **has** decided to increase taxes.

ध्यान दें British English में collective noun के साथ plural verb ('The government have decided') भी प्रचलित है। लेकिन SSC ने singular को मानक माना है। फर्क याद रखें: 'police' हमेशा plural होता है, जबकि 'government' इकाई के अर्थ में singular होता है।

**05** **ANSWER (b)** senior than

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Senior, junior, superior, inferior, prior, anterior, posterior और preferable जैसे adjectives Latin से आए हैं। इनके बाद comparison दिखाने के लिए **'than' नहीं, बल्कि 'to'** का प्रयोग होता है। इसलिए part (b) में 'senior than' गलत है।

✓ सही sentence She is **senior to** me by five years.

**Examiner का trap** सामान्य comparative degree (taller, older) के साथ हम 'than' लगाते हैं, इसलिए 'senior than' सुनने में ठीक लगता है। ध्यान दें कि 'She is older than me' सही है, पर 'She is senior to me' लिखा जाता है।

**06** **ANSWER (b)** to me

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Verb 'tell' के ठीक बाद जिस person को बात बताई जाती है, वह बिना 'to' के आता है: tell someone something। इसके विपरीत verb 'say' के साथ person से पहले 'to' लगता है: He said to me...। इसलिए 'told to me' में 'to' अनावश्यक है और part (b) में error है।

✓ सही sentence He **told me** about the incident.

**Examiner का trap** हिन्दी में हम कहते हैं 'उसने मुझको बताया', और 'को' का अनुवाद 'to' कर देने की आदत इस गलती को जन्म देती है। एक बात और याद रखें: जब 'tell' के बाद पहले कोई चीज़ आती है, तब 'to' सही होता है, जैसे He told the truth to me.

**07** **ANSWER (b)** are a long distance

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** दूरी (distance), धनराशि (amount), समय (time) या वज़न (weight) बताने वाला plural noun जब एक **कुल मात्रा** के रूप में प्रयोग होता है, तब उसके साथ **singular verb** आता है। यहाँ 'Ten miles' एक ही दूरी है, इसलिए 'are' की जगह 'is' आना चाहिए।

✓ सही sentence Ten miles **is** a long distance to walk.

इसी तरह Five thousand rupees is a big amount. Two years is a long time. 'a long distance' में article 'a' भी संकेत देता है कि subject एक इकाई है।

**08** **ANSWER (a)** borrow your

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** **Borrow** का अर्थ है किसी से कोई चीज़ उधार लेना (borrow something from someone)। **Lend** का अर्थ है किसी को कोई चीज़ उधार देना (lend something to someone)। यहाँ सामने वाला व्यक्ति book दे रहा है, इसलिए 'borrow' की जगह 'lend' आना चाहिए।

✓ सही sentence Can you **lend** your book to me just for one day?

**Examiner का trap** हिन्दी में दोनों के लिए 'उधार' शब्द ही प्रयोग होता है, इसलिए borrow और lend में गड़बड़ हो जाती है। पूछें कि चीज़ कौन दे रहा है: देने वाले के लिए 'lend' और लेने वाले के लिए 'borrow'।

**09** **ANSWER (a)** Britains

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** किसी noun का अधिकार (possession) दिखाने के लिए उसके साथ **apostrophe + s ('s)** लगता है। यहाँ अर्थ है 'Britain के towns', इसलिए 'Britains' की जगह 'Britain's' आना चाहिए।

✓ सही sentence **Britain's** towns were given a new and an elegant appearance between 1700 and 1830.

- **(b) elegant** — Adjective सही है। 'elegant' vowel sound से शुरू होता है, इसलिए उससे पहले 'an' सही है। दो adjectives के साथ article दोहराना ('a new and an elegant') भी मान्य है।

**10** **ANSWER (b)** inside it's walls

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** **It's** का अर्थ है 'it is' या 'it has'। **Its** possessive pronoun है, जिसका अर्थ है 'उसका/उसकी'। यहाँ अर्थ है 'उसकी दीवारों के अंदर', इसलिए 'it's walls' की जगह 'its walls' आना चाहिए।

✓ सही sentence The palace is heavily guarded, because inside **its** walls sit the European leaders.

- **(c) European leaders** — Adverbial phrase 'inside its walls' से sentence शुरू होने के कारण inversion हुआ है। Verb 'sit' plural subject 'leaders' से सही agree करता है।

याद रखें Possessive pronouns (its, his, hers, ours, yours, theirs) में कभी apostrophe नहीं लगता।

**11** **ANSWER (a)** their being

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** **There** किसी चीज़ के होने या न होने (existence) को बताता है, जबकि **their** possessive है ('उनका')। यहाँ 'there being no bus service' एक absolute phrase है, जिसका अर्थ है 'क्योंकि वहाँ कोई bus service नहीं है'। इसलिए 'their' की जगह 'there' आना चाहिए।

✓ सही sentence The village is very isolated, **there being** no bus service.

**12** **ANSWER (b)** most cars

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** दो चीज़ों की तुलना में 'than' के साथ **comparative degree** (more) आती है, superlative (most) नहीं। इसलिए 'most cars ... than people' गलत है और सही रूप 'more cars ... than people' है।

✓ सही sentence It is a fact that there are **more** cars in Los Angeles than people.

**13** **ANSWER (a)** don't we

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule (Question Tag)** Positive statement के बाद negative tag आता है, और negative statement के बाद positive tag आता है। यहाँ statement 'We don't have to go' negative है, इसलिए tag positive होना चाहिए: 'do we?'।

✓ सही sentence We don't have to go to the party, **do we?** We can stay at home.

**14** **ANSWER (b)** who Maya shared the flat

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** Preposition के बाद pronoun **objective case** में आता है। Relative pronoun 'who' का objective रूप 'whom' है, इसलिए 'with who' की जगह 'with whom' आना चाहिए।

✓ सही sentence The person **with whom** Maya shared the flat had not paid his rent.

आसान test Relative clause को अलग sentence बनाकर देखें: 'Maya shared the flat with him'। जहाँ 'him' आए, वहाँ 'whom' आता है, और जहाँ 'he' आए, वहाँ 'who' आता है।

**15** **ANSWER (d)** with the train

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** किसी सार्वजनिक वाहन के अंदर होने के लिए preposition **'on'** आता है: on the train, on a bus, on a plane, on a ship। (Car और taxi के लिए 'in' आता है।) अर्थ है कि समय कम है, इसलिए ticket train में ही ले लो। इसलिए 'with the train' की जगह 'on the train' आना चाहिए।

✓ सही sentence There isn't much time to spare. You'd better buy your ticket **on the train**.

**16** **ANSWER (a)** without many occasions

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** 'Occasion' के साथ fixed phrase '**on many occasions**' आता है, जिसका अर्थ है 'कई बार'। 'without many occasions' का कोई अर्थ नहीं बनता, इसलिए part (a) में error है।

✓ सही sentence He was imprisoned for many years, **on many occasions**, in both South Africa and India.

**17** **ANSWER (b)** will be continued

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** इस sentence में action 'transfer' करने वाला स्वयं subject 'The bank' है, इसलिए verb **Active Voice** में होना चाहिए: will continue to + V1। 'will be continued' Passive Voice है, जिसका अर्थ बनेगा कि कोई दूसरा bank को continue करेगा, जो अर्थहीन है।

✓ सही sentence The bank **will continue** to transfer the interest to your account unless instructed otherwise.

- **(c) unless instructed** — यह 'unless (it is) instructed otherwise' का छोटा रूप है। Time या condition वाले clause में subject और 'is' को हटाकर केवल V3 रखना मानक प्रयोग है।

**Examiner का trap** Sentence में आगे 'instructed' जैसा V3 मौजूद है, जिससे पूरा sentence passive जैसा लगता है। हर verb के लिए अलग से पूछें कि action कौन कर रहा है।

**18** **ANSWER (c)** will be coming

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** किसी खबर के असर के लिए fixed expression '**come as a shock/surprise**' है। भविष्य में होने वाले ऐसे असर के लिए Simple Future 'will come as a shock' आता है। Future Continuous 'will be coming' किसी भविष्य के क्षण पर चल रहे action के लिए होता है, जो यहाँ अर्थ से मेल नहीं खाता।

✓ सही sentence The news that the plane had crashed **will come** as a terrible shock.

- **(b) had crashed** — Plane का crash पहले की घटना है, इसलिए past perfect सही है।

**19** **ANSWER (c)** having required travellers

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** यहाँ participle phrase noun 'rules' के बारे में बता रहा है, अर्थात् rules that require travellers। इसके लिए **present participle** 'requiring' आता है। 'having required' perfect participle है, जो किसी ऐसे action के लिए आता है जो main action से पहले पूरा हो चुका हो। इसके अलावा यह गलत तरीके से subject 'Qatar' से जुड़ जाता है। इसलिए 'having required' की जगह 'requiring' आना चाहिए।

✓ सही sentence Qatar has extended strict quarantine rules **requiring** travellers to isolate for up to 14 days upon their arrival in the country.

**20** **ANSWER (a)** poverty's

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** 'poverty's' वास्तव में '**poverty is**' का contraction है। बोलचाल में यह खूब चलता है, पर यह informal तरीका है, formal नहीं। बाकी तीनों parts (people, nothing, extreme) पूरी तरह सही हैं, इसलिए SSC ने इसी informal contraction को error माना है।

✓ सही sentence The people here have nothing. Their poverty **is** extreme.

⚑ **SSC का रुख**
कायदे से contraction कोई grammatical error नहीं है, इसलिए इस part को error नहीं माना जाना चाहिए था। पर options में 'No error' नहीं है और बाकी parts निर्विवाद रूप से सही हैं, इसलिए exam में (a) ही मार्क करना पड़ेगा। Formal sentence में noun के बाद ''s' (= is) वाला contraction न लिखें।

**21** **ANSWER (b)** gave him a big chocolate because he

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** 'to' infinitive के बाद हमेशा verb की **first form (V1)** आती है। Structure है 'request someone to + V1'। इसलिए 'to gave' की जगह 'to give' आना चाहिए।

✓ सही sentence The child requested his mother to **give** him a big chocolate because he had been very good all day long and deserved a treat.

**Examiner का trap** पूरा sentence past tense में है, इसलिए 'gave' सहज लगता है। पर 'to' के बाद tense नहीं बदलता।

**22** **ANSWER (b)** the hallway have not worked

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Verb अपने head noun से agree करता है। यहाँ head noun 'clock' singular है और 'in the hallway' केवल स्थान बताने वाला phrase है। इसलिए 'have not worked' की जगह 'has not worked' आना चाहिए।

✓ सही sentence The antique grandfather clock in the hallway **has not worked** properly for over a decade now, which is a real shame for the family.

**23** **ANSWER (b)** thorough before you go to bed

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** किसी verb को modify करने के लिए **adverb** का प्रयोग होता है, adjective का नहीं। यहाँ 'thorough' verb 'brush' को modify कर रहा है, इसलिए adjective 'thorough' की जगह adverb 'thoroughly' आना चाहिए।

✓ सही sentence Remember to brush your teeth **thoroughly** before you go to bed every single night without fail as instructed by the dentist.

▸ **(a) Remember to brush your teeth** — 'Remember + to + V1' किसी ऐसे काम के लिए आता है जो आगे करना है। ('Remember + V-ing' पिछली याद के लिए आता है।) इसलिए यह part सही है।

**Examiner का trap** 'before you go to bed' में Simple Present देखकर कई students 'will go' सोचते हैं, पर time clause (before, after, when, until) में future के लिए Simple Present ही आता है। असली error 'thorough / thoroughly' में छुपा है।

**24** **ANSWER (a)** Please provide a detailing explanation

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** Noun 'explanation' को describe करने के लिए adjective '**detailed**' (विस्तृत) आता है। 'detailing' verb 'detail' का -ing रूप है और यहाँ adjective का काम नहीं कर सकता। इसलिए 'a detailing explanation' की जगह 'a detailed explanation' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** Please provide a **detailed** explanation of the research methodology used in your recent scientific paper for clarification purposes requested by the board.

**25** **ANSWER (c)** fascinating by the rich history

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** **-ing participle** वाला adjective उस चीज़ के लिए आता है जो भावना पैदा करती है (the history is fascinating)। **-ed participle** वाला adjective उस व्यक्ति के लिए आता है जो वह भावना महसूस करता है (the tourists are fascinated)। यहाँ tourists मोहित होते हैं, और 'by' भी passive अर्थ दिखा रहा है, इसलिए 'fascinating by' की जगह 'fascinated by' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** The ancient ruins attract thousands of tourists every year who are **fascinated by** the rich history and culture of the place.

**इसी तरह के जोड़े** interesting/interested, boring/bored, surprising/surprised, exciting/excited। व्यक्ति की भावना के लिए '-ed' और कारण के लिए '-ing' याद रखें।

**26** **ANSWER (c)** on mental health between young

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** **Between** दो व्यक्तियों या चीज़ों के लिए आता है, जबकि **among** दो से अधिक या किसी बड़े समूह के लिए आता है। 'young adults globally' एक बहुत बड़ा समूह है, इसलिए 'between' की जगह 'among' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** The insightful documentary explored the profound impact of social media on mental health **among** young adults globally today.

**27** **ANSWER (b)** is far superior than

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** Latin comparatives (superior, inferior, senior, junior, prior, preferable) के साथ 'than' नहीं, बल्कि '**to**' आता है। 'far' यहाँ intensifier है और सही है। इसलिए 'superior than' की जगह 'superior to' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** The strategy adopted by the administration is far **superior to** the one implemented by the previous committee.

**28** **ANSWER (c)** to have been taunted the victims during the trial

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** Verb 'taunt' यहाँ transitive है और उसका object 'the victims' मौजूद है, इसलिए **Active Voice** आएगा। 'to have been taunted' passive रूप है। Passive के बाद object नहीं आता, और इससे अर्थ भी उल्टा हो जाता है कि culprit को taunt किया गया। पहले हुए action के लिए perfect infinitive 'to have + V3' सही है।

**✓ सही sentence** The investigation revealed that the culprit, rather than being remorseful, was insolent enough **to have taunted** the victims during the trial.

▸ **(b) rather than being remorseful, was insolent enough** — 'rather than + V-ing' सही है, और 'adjective + enough' का क्रम भी सही है।

**29** **ANSWER (d)** No error

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-II]*

इस sentence के तीनों parts advanced लेकिन पूरी तरह सही structures पर बने हैं, इसलिए उत्तर **No error** है। हर part को rule से जाँचते हैं।

▸ **(a) Little did the CEO realise...** — 'Little', 'Never', 'Hardly' जैसे negative adverb से sentence शुरू होने पर **inversion** होता है: auxiliary + subject + V1। इसलिए 'Little did the CEO realise' सही है। ('realise' British spelling है और सही है।)

▸ **(b) would be met with such vehemence...** — Past reporting ('did realise') के बाद future-in-the-past के लिए 'would' आता है। 'would be met' उसका passive रूप है, जो यहाँ बिल्कुल सही है।

▸ **(c) as to force...** — 'such + noun + as to + V1' एक मानक correlative structure है, जिसका अर्थ है 'इतना... कि'। इसलिए 'such vehemence... as to force' सही है।

**✓ Sentence जैसा है वैसा ही सही है** Little did the CEO realise that the proposed restructuring would be met with

such vehemence by the labour unions as to force a complete abandonment of the project.

**Examiner का trap** Inversion और 'such... as to' पहली नज़र में गलत लगते हैं, इसलिए students अक्सर (a) या (c) चुन लेते हैं। हर structure को rule से जाँचें, केवल 'अजीब लगने' पर error न मानें।

**★ Pattern Trick**
इस पूरे exam (1,100 questions) में 'No error' option केवल 6 questions में था, और उनमें से सिर्फ़ यही एक question 'No error' उत्तर वाला है। इसलिए 'No error' तभी चुनें जब हर part rule से सही साबित हो जाए।

**30** **ANSWER (a)** (1) You must to ensure that

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Modal 'must' के बाद बिना 'to' के V1 आता है। (केवल 'ought to' और 'have to' के साथ 'to' लगता है।) इसलिए 'must to ensure' की जगह 'must ensure' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** You **must ensure** that all parameters are recorded before the simulation can be rerun.

**31** **ANSWER (c)** (3) acknowledges the limitations

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** 'Only + adverbial' से sentence शुरू होने पर inversion होता है: **did + subject + V1**। 'did' के बाद verb हमेशा V1 में आता है, इसलिए 'acknowledges' की जगह 'acknowledge' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** Only in the final manuscript did the theorist **acknowledge** the limitations of his earlier hypothesis.

**32** **ANSWER (b)** (2) often disputes the neutrality

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Verb अपने **head noun** से agree करता है, बीच में आए prepositional phrase से नहीं। यहाँ subject 'Scholars' plural है और 'in postcolonial studies' केवल उसकी जानकारी देने वाला phrase है। इसलिए singular verb 'disputes' की जगह plural verb 'dispute' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** Scholars in postcolonial studies often **dispute** the neutrality of archival records and the politics of naming.

**★ Pattern Trick**
जब subject और verb के बीच कोई phrase आ जाए, तो error ज़्यादातर Subject–Verb Agreement का होता है। इस chapter के 21 academic sentences में से 15 में यही error था। पहले subject का head noun खोजें, फिर verb मिलाएँ।

**33** **ANSWER (b)** (2) it inadvertently reify bias

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Subject 'it' third person singular है, इसलिए Simple Present में verb में 's/es' लगेगा: 'reifies'। बीच में आया adverb 'inadvertently' इस नियम को नहीं बदलता।

**✓ सही sentence** While the algorithm claims objectivity, it inadvertently **reifies** bias embedded in its training data, perpetuating systemic inequities across demographics.

**Examiner का trap** Adverb 'inadvertently' subject और verb के बीच दूरी बनाता है, जिससे verb पर ध्यान नहीं जाता।

**34** **ANSWER (b)** (2) shape the very ontology

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Subject 'Language' singular है। Commas के बीच आया phrase 'in its performative function' verb को प्रभावित नहीं करता। इसलिए 'shape' की जगह 'shapes' आना चाहिए।

**✓ सही sentence** Language, in its performative function, **shapes** the very ontology of social relations and categories that structure human perception.

- **(4) that structure human perception** — यहाँ 'that' plural nouns 'relations and categories' के लिए आया है, इसलिए plural verb 'structure' सही है।

**Examiner का trap** Part (4) का 'structure' भी बिना 's' के है और part (2) जैसा दिखता है, पर उसका subject plural है। हर verb का subject अलग से पहचानें।

**35** **ANSWER (b)** (2) postulate that agents act consistently

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Head noun 'paradigm' singular है और 'of rational choice theory' केवल उसका वर्णन करता है। इसलिए 'postulate' की जगह 'postulates' आना चाहिए। 'that' clause के अंदर 'agents act' का अपना plural subject है, और वह सही है।

**✓ सही sentence** The paradigm of rational choice theory **postulates** that agents act consistently to maximize utility, often ignoring the constraints imposed by affective reasoning.

**36** **ANSWER (b)** (2) stem from his conviction

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Head noun 'reluctance' singular है, और 'to endorse a universal ethic' उसका infinitive phrase है। इसलिए 'stem' की जगह 'stems' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** The philosopher's reluctance to endorse a universal ethic **stems** from his conviction that moral principles are always mediated by cultural and historical particularities.

**37** **ANSWER (b)** (2) are not simply polemical

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Head noun 'resistance' singular है। Verb के ठीक पहले आया 'hermeneutics' केवल preposition 'to' का object है। इसलिए 'are' की जगह 'is' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** The narrator's resistance to patriarchal hermeneutics **is** not simply polemical but deeply embedded in the rhythm and counterpoint of her syntax.

**Examiner का trap** Verb के ठीक पहले plural दिखने वाला 'hermeneutics' रखा गया है, ताकि verb उसी से मिलाया जाए।

**38** **ANSWER (b)** (2) hybridity operate not as a passive amalgamation

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** 'Hybridity' एक abstract, uncountable noun है और singular है। इसलिए 'operate' की जगह 'operates' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** Within postcolonial discourse, hybridity **operates** not as a passive amalgamation but as a site of contestation and negotiated subjectivity.

**39** **ANSWER (c)** (3) enact normative controls

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** यहाँ 'the bureaucratic apparatus' एक ही तंत्र है और singular है। Part (1) का 'its' भी इसे singular दिखाता है। इसलिए 'enact' की जगह 'enacts' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** Despite its ostensible neutrality, the bureaucratic apparatus **enacts** normative controls that homogenize diverse expressions of identity.

▸ **(4) that homogenize diverse expressions** — 'that' plural 'controls' के लिए आया है, इसलिए 'homogenize' सही है।

**40** **ANSWER (d)** (4) where womanhood collapse into multiplicity

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Relative clause 'where...' का अपना subject 'womanhood' है, जो abstract और singular है। इसलिए 'collapse' की जगह 'collapses' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** In Woolf's imaginary legacy, the room functions not just as sanctuary but also as a discursive axis where womanhood **collapses** into multiplicity.

**Examiner का trap** यहाँ error main clause में नहीं, बल्कि sentence के अंत में छोटे relative clause में छुपा है।

**41** **ANSWER (c)** (3) precludes any embellishment, yet render

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** जब एक ही subject के दो verbs किसी conjunction (यहाँ 'yet') से जुड़ें, तो दोनों verbs subject से agree करते हैं। Subject 'bareness' singular है, इसलिए पहला verb 'precludes' सही है, पर दूसरा 'render' गलत है। इसकी जगह 'renders' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** The psychological bareness of her narrative precludes any embellishment, yet **renders** the structure more profoundly intimate.

**Examiner का trap** पहला verb 'precludes' सही रखा गया है, जिससे लगता है कि agreement ठीक है। दूसरे verb पर भी उतना ही ध्यान दें।

**42** **ANSWER (b)** (2) was compatible with the theoretical model

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** 'Fewer (of)' countable plural nouns के साथ आता है, और उसके बाद **plural verb** आता है। Subject 'Fewer of the experimental designs' plural है, इसलिए 'was' की जगह 'were' आना चाहिए।

✓ **सही sentence** Fewer of the experimental designs **were** compatible with the theoretical model proposed by the research team in their meta-analysis.

**43** **ANSWER (a)** (1) Much of the guidelines

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

**Rule** **Much** uncountable nouns के साथ आता है, जबकि **many** countable plural nouns के साथ आता है। 'guidelines' countable plural है, इसलिए 'Much of the guidelines' की जगह 'Many of the guidelines' आना चाहिए।

✓ सही sentence **Many** of the guidelines pertaining to AI governance were based on speculative models and industry projections.

- **(3) were based on speculative models** — 'Many of the guidelines' plural है, इसलिए 'were' सही है।

**Examiner का trap** 'Much' देखकर students (3) में 'was' सोचने लगते हैं। पर अर्थ plural guidelines का है, इसलिए सुधार 'Many' में होगा, verb में नहीं।

**44** **ANSWER (a)** (1) The novelist who her editor had praised

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Relative clause में यदि relative pronoun verb का **object** हो, तो 'whom' आता है। यहाँ 'her editor had praised him/her' में novelist object है, इसलिए 'who' की जगह 'whom' आना चाहिए।

✓ सही sentence The novelist **whom** her editor had praised for stylistic ingenuity and metaphorical clarity was yet to submit the final chapters of the manuscript.

आसान test Clause को अलग करके देखें: 'Her editor had praised her।' Object pronoun (her/him) आए, तो 'whom' सही है।

**45** **ANSWER (c)** (3) were present at the plenary session

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (Subject–Verb Agreement)** Main clause का subject 'The researcher' singular है। इसलिए 'were present' की जगह 'was present' आना चाहिए।

✓ सही sentence The researcher whom the panel had nominated for the ethics award **was** present at the plenary session but declined to speak.

- **(1) The researcher who the panel had nominated** — Formal grammar के अनुसार यहाँ भी 'whom' आना चाहिए, क्योंकि researcher 'nominated' का object है। (नीचे SSC note देखें।)

⚑ **SSC key बनाम सही उत्तर**
SSC key: (3)। Formal grammar के अनुसार इस sentence में दो errors हैं: part (1) में 'who' की जगह 'whom' और part (3) में 'were' की जगह 'was'। इसी chapter के Q.44 (9 Sep Shift-I) में SSC ने ठीक इसी 'who/whom' error को उत्तर माना था। आधुनिक informal English में object के लिए 'who' स्वीकार्य है, इसलिए यहाँ SSC ने निर्विवाद error (3) को चुना। Exam में दो parts गलत लगें, तो उस part को चुनें जिसका error पक्का है, जैसे Subject–Verb Agreement।

**46** **ANSWER (b)** (2) has received invitations

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule (SSC का आधार)** 'None' singular और plural दोनों तरह प्रयोग होता है। जब 'none' countable लोगों या चीज़ों के समूह की बात करता है, तब plural verb अधिक स्वाभाविक माना जाता है। यहाँ समूह 'researchers' का है, इसलिए SSC ने 'has received' की जगह 'have received' को सही माना है।

✓ SSC के अनुसार सही sentence None except the top-ranked researchers **have** received invitations for the closed-door summit scheduled next quarter.

⚑ **SSC का रुख**
Standard English में 'not one' के अर्थ में 'None... has' भी सही माना जाता है, इसलिए यह key debatable है। फिर भी बाकी तीनों parts निर्विवाद रूप से सही हैं, और SSC 'none + plural countable noun' के साथ plural verb को मानक मानता है। Exam में (2) ही चुनें।

**47** **ANSWER (d)** (4) but emotion and intuition

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule (Parallelism)** 'not... but...' जैसे correlative से जुड़े दोनों भाग एक ही grammatical रूप में होने चाहिए। पहले भाग में 'by logic' है, इसलिए दूसरे भाग में भी 'by' आना चाहिए: 'but by emotion and intuition'।

✓ सही sentence The philosopher's idea that reality is constructed through language was refuted not by logic **but by** emotion and intuition.

**48** **ANSWER (c)** (3) but that its logic

*[SSC Stenographer 10 Sep 2026, Shift-III]*

**Rule (Parallelism)** 'not X but Y' में X और Y का रूप एक जैसा होना चाहिए। X 'the complexity of the argument' एक noun phrase है, जबकि Y 'that its logic... were flawed' एक clause है। Parallel बनाने के लिए Y को भी noun phrase से शुरू करना होगा: 'but **the fact that** its logic...'।

✓ सही sentence What troubled the evaluators most was not the complexity of the argument but **the fact that** its logic and conclusions were fundamentally flawed.

ध्यान दें Everyday English में 'not X but that...' जैसे वाक्य कभी-कभी दिखते हैं। लेकिन exam में correlatives के साथ strict parallelism का नियम लागू होता है, और SSC की key इसी पर आधारित है।

**49** **ANSWER (c)** (3) by another cohort

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-I]*

**Rule** Active structure में '**replace A with B**' का प्रयोग होता है, जिसका अर्थ है A को हटाकर उसकी जगह B रखना। SSC और exam-

grammar का मानक यही है, इसलिए part (3) में 'by another cohort' की जगह 'with another cohort' आना चाहिए।

✓ सही sentence The researchers insisted on replacing the control group **with** another cohort with matched characteristics.

ध्यान दें कुछ dictionaries (जैसे Oxford) 'replace A by B' को भी स्वीकार करती हैं, और passive में 'A was replaced by B' पूरी तरह सही है। लेकिन active sentence में exam का मानक 'replace... with' है, और बाकी तीनों parts निर्विवाद रूप से सही हैं, इसलिए उत्तर (3) ही है।

**50** **ANSWER (c)** (3) was collected

*[SSC Stenographer 15 Sep 2026, Shift-II]*

Rule 'Not only... but also' से दो subjects जुड़े हैं: 'each participant's response' और 'their metadata'। 'Each participant' singular है, इसलिए formal English में इसके लिए '**his or her**' आना चाहिए, 'their' नहीं। 'Metadata' को आधुनिक English में 'data' की तरह uncountable माना जाता है, इसलिए singular verb 'was collected' सही है।

✓ सही sentence Not only each participant's response but also **his or her** metadata was collected and cross-validated.

⚑ **SSC key बनाम सही उत्तर**
SSC key: (3), यानी SSC ने 'was' की जगह 'were' माना है। पर SSC ने स्वयं CGL 2025 में 'data' वाले तीन-चार questions में इसे uncountable (singular verb के साथ) माना था। 'Metadata' भी उसी प्रकृति का शब्द है, इसलिए 'was' सही होना चाहिए, और error part (2) के 'their' में है। यह key debatable है और इसे challenge किया जा सकता है।

★ **Pattern Trick**
'Not only... but also / either... or / neither... nor' दिखे, तो तुरंत 'but also / or / nor' के बाद वाले noun को देखें। Verb उसी से मिलता है।

**51** **ANSWER (a)** BA

*[SSC Stenographer 11 Sep 2026, Shift-II]*

Exam paper में parts bold में नहीं छपे हैं। हर letter अपने से **पहले वाले part** के अंत को दिखाता है: (A) 'The reef is on risk of', (B) 'losing... on occasion of', (C) 'ocean warming, fuelled by' और (D) 'climate change, which is damaging its health'।

- **Part (A)** — Fixed phrase '**at risk of** + V-ing' होता है, 'on risk of' नहीं। इसलिए इस part में error है।
- **Part (B)** — कारण बताने के लिए '**on account of**' या 'because of' आता है। 'on the occasion of' का अर्थ किसी विशेष अवसर पर होता है (जैसे on the occasion of Diwali), इसलिए इस part में भी error है।
- **Part (C)** — 'fuelled by' सही past participle phrase है।
- **Part (D)** — 'which' 'ocean warming' के लिए आया है, इसलिए 'is damaging' सही है।

✓ सही sentence The reef is **at risk of** losing its coveted World Heritage Status **on account of** ocean warming, fuelled by climate change, which is damaging its health.

इसलिए errors (A) और (B) में हैं, जो option (a) 'BA' है। Options (b), (c) और (d) में (C) या (D) शामिल है, जबकि ये parts सही हैं।

## PART B Choose the Correct / Incorrect Sentence

**52** **ANSWER (a)** She will bury the letter in the sand.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-I]*

यह question homophones पर आधारित है। **Bury** (verb) का अर्थ है 'दफ़नाना/ज़मीन में गाड़ना', और **berry** (noun) का अर्थ है 'छोटा रसदार फल' (जैसे strawberry)। दोनों का उच्चारण /'beri/ एक जैसा है।

- **(a) She will bury the letter in the sand.** — यहाँ verb 'bury' का सही प्रयोग है, इसलिए यही sentence सही है।
- **(b) Please berry the box...** — 'berry' noun है, जिसे यहाँ verb की तरह प्रयोग किया गया है। सही रूप 'bury the box' है।
- **(c) He wants to eat bury.** — खाने की चीज़ 'berry' (या 'berries') होगी, 'bury' नहीं।
- **(d) They berry the treasure...** — खज़ाना गाड़ने के लिए verb 'bury' आएगा।

**53** **ANSWER (a)** She has got cold and cough.

*[SSC Stenographer 12 Sep 2026, Shift-I]*

Rule Cold, cough, headache और fever जैसी सामान्य बीमारियों के साथ countable प्रयोग में article '**a**' आता है: a cold, a cough, a headache। इसलिए sentence (a) गलत है।

✓ सही sentence She has got **a cold and a cough**.

- **(b) Only a few people came to the party.** — 'a few' का अर्थ है 'कुछ', और countable 'people' के साथ यह सही है।
- **(c) Could you lend me some of your books today?** — देने के अर्थ में 'lend' सही है, और request में 'some' का प्रयोग भी सही है।
- **(d) He has more sense than you have.** — Uncountable 'sense' के साथ 'more' सही है।

**54** **ANSWER (a)** Did they sent me any books for preparation of examination.

*[SSC Stenographer 9 Sep 2026, Shift-II]*

**Rule** Auxiliary 'do/does/did' के बाद verb हमेशा **V1** में आता है। इसलिए 'Did they sent' की जगह 'Did they send' आना चाहिए। Question होने के कारण अंत में question mark भी आना चाहिए।

**✓ सही sentence** **Did they send** me any books for the preparation of the examination?

- **(b) Reactions to the annual play have been favorable.** — Plural 'Reactions' के साथ 'have been' सही है। ('favorable' American spelling है।)
- **(c) The author of the stories in these books is Mary Gomes.** — Head noun 'author' singular है, इसलिए 'is' सही है।
